# शालत्यागी बालिकाओं को जीवन कौशल हेतु प्रशिक्षण आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** महिला बाल विकास विभाग और ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था के किशोर सशक्तिकरण के अंतर्गत चिन्हित 50 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जीवन कौशल, जेंडर, हिंसा और लैंगिक शोषण, बाल संरक्षण तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिये कानून एवं तंत्र, प्रजनन स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेमलता मेहरा, श्रीमती सुषमा सोनी, श्रीमती रजनी कुशवाहा और ममता संस्था के जिला समन्वयक श्री लक्ष्मन प्रसाद गोंड द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

उल्लेखनीय है कि कराहल और श्योपुर विकास खण्ड के 10- 10 पंचायतों को चिन्हित कर उन्हें बाल एवं महिला हितैषी पंचायत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने गांव की ऐसी बालिकाएं जो स्कूल नहीं जाती हैं, के लिए सत्र का आयोजन करेंगी। 24 और 25 मार्च को को उक्त बालिकाओं को जेंडर चैंपियन के रूप में ब्लॉक स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# 318 रोगियों की स्क्रीनिंग, 33 रोगी रैफरल के लिए चिन्हित, ढोढर में कैम्प आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी से पीडित रोगियों के रोगियों के चिन्हांकन के लिए जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविर लगाये जा रहे है। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गया। उक्त शिविर में 318 रोगियों की स्क्रीनिंग कर उनका उपचार किया गया तथा गंभीर बीमारियों से पीडित 33 रोगी मुरैना कैम्प के लिए चिन्हित किये गये। शिविर में जिला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ.विष्णु गर्ग मेडीसिन रोग विशेषज्ञ, डॉ. जीके गोयल नेत्र रोग विशे., डॉ. ललित शर्मा हडडीरोग विशे., डॉ. जितेन्द्र यादव सर्जरी रोग विशे., डॉ. गायत्री मित्तल मानसिक रोग, स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैम्प में मेडीसिन रोग के 98, नेत्ररोग के 43, हडडीरोग के 32, मानसिक रोग के 23, स्त्रीरोग के 38, शिशु रोग के 8, सर्जरी के 27 एवं अन्य रोग के 49 मरीजों ने पंजीयन कराकर उपचार लिया। सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि अभी तक जिले में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण जांच शिविर में 7487 ने पंजीयन कराकर उपचार लिया गया है, जिसमें गंभीर बीमारी से पीडित 611 मरीज जिला मुरैना में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपचार हेतु चिन्हित किया गया है। एसडीएम श्री मनोज गढ़वाल ने ढोढर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे स्वयं का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये मरीजों से भी चर्चा की और स्वास्थ शिविर में मौजूद चिकित्सको से स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण से संबंधित जानकारी ली और व्यवस्थाओ का जायजा लिया इसके उपरांत एस डी एम मनोज गढ़वाल ने अस्पताल मे वार्डो एवं ओ पी डी का निरिक्षण कर व्यवस्थाओ का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर, मेडिकल ऑफिसर डॉ मुकेश मीणा, नायब तहसीलदार श्री केके शर्मा आदि उपस्थित थे।

**प्रेमसर में 6 मार्च को एवं विजयपुर में 12 मार्च को लगेगा कैम्प**

मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में उपचार के लिए रोगियों के चिन्हांकन हेतु श्योपुर जिले में लगाये जा रहें स्वास्थ्य परीक्षण शिविरो के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर में 12 मार्च को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही 6 मार्च को प्रेमसर में मानसिक रोग परामर्श संवाद एवं कैम्प आयोजित किया जायेगा।

# आदिवासी बस्ती की राह हुई आसान



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित चैनपुरा आदिवासी बस्ती में सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। गत सोमवार को हुई समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा द्वारा उक्त सड़क के निर्माण के निर्देश दिए गए थे। मौके पर पहुंचकर एसडीएम श्री मनोज गढ़वाल द्वारा निर्माणाधीन सड़क के कार्य का निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय लोगों से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी कि रास्ते में कीचड होने से आने जाने में परेशानी का सामना करना पड रहा है, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के संज्ञान में मामला आने पर उन्होने सीईओ जनपद को तत्काल कार्यवाही करते हुए सीसी रोड कराने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में आज उक्त मार्ग में सीसी रोड का कार्य करा दिया गया, इससे लोगों की राह आसान हो गई है।

# चना, सरसों फसल के पंजीयन 10 मार्च तक

**श्योपुर ब्यूरो।** जिले में समर्थन मूल्य पर चना, सरसों फसल विक्रय करने हेतु विपणन वर्ष 2025-26 में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, सरसों फसल के पंजीयन 33 केन्द्रों पर 10 मार्च 2025 तक किये जा रहे है। उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया ने बताया कि चना, सरसों फसल के विक्रय के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव तेहखण्ड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित राडेप, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लुहाड, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था कनापुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रघुनाथपुर, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोंईकलां, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागरगावडा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आसीदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित वीजरपुर, सेवा सहकारी संस्था क्यारपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित दातरदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोंठवा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरुनावदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पाण्डोला पर पंजीयन कराये जा सकते है। इसके अलावा एम.पी.किसान ऐप तथा सशुल्क में एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोकसेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर भी फसल पंजीयन कराया जा सकता है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**श्योपुर ब्यूरो।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पर्यावरण सामाजिक और शासन की उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी राठौर द्वारा बताया गया कि सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण का कार्य सामाजिक सहभागिता एवं शासन तीनों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से ही संभव है। साइबर सुरक्षा विषय पर विशेषज्ञ के रूप में डॉ लोकेंद्र सिंह जाट ने बताया है कि जिस प्रकार हमारे शरीर की सुरक्षा के उपाय के प्रति हमारी जागरूकता अति आवश्यक है उसी प्रकार आज के समय में साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूकता अति आवश्यक है। साइबर सुरक्षा विषय पर दूसरे विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ ओपी शर्मा के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में हमें सोशल मीडिया का उपयोग बहुत ही संभल कर करना चाहिए वित्तीय लेनदेन के लिए कभी भी सार्वजनिक सर्वर का उपयोग नहीं करना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान अमित दोहरे, द्वितीय स्थान शिवानी वाल्मीकि एवं तृतीय स्थान पर ओमा घेंघट रही। कार्यक्रम में डॉ विपिन बिहारी शर्मा डॉ सुभाष सिंह, डॉ रमेश भारद्वाज सहित प्राध्यापक एवम बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोडने शिविर लगेंगे

## 8 मार्च से 24 मार्च तक पंचायत स्तर पर लगाये जायेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोडने के लिए पंचायत स्तर पर 8 मार्च से 24 मार्च तक शिविर लगाये जायेंगे, यह शिविर तीनो जनपद पंचायतो की पंचायतो में निर्धारित तिथि पर लगेंगे, शिविर के माध्यम से आवास के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायतो में नियुक्त सर्वेयरो द्वारा आवास प्लस एप के माध्यम से सर्वे किया जाकर पात्र हितग्राहियों के नाम सर्वे सूची में जोडने की कार्यवाही गत जनवरी 2025 से की जा रही है। पात्र हितग्राहियों के नाम जोडने की प्रक्रिया 31 मार्च तक की जायेगी। इस संबंध में तीनो जनपद पंचयतो के सीईओ को निर्देश जारी किये गये है कि अपने-अपने जनपद की पंचायतों में नियत तिथि पर शिविर लगाकर नाम जोडने की कार्यवाही की जाये। सीईओ जिला पंचायत श्री गुर्जर ने बताया कि इस क्रम में 8 मार्च को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अजापुरा, बडौदाराम, बाजरली, बगदरी, अलापुरा, अडवाड, उदोतपुरा एवं बर्धाबुजुर्ग में, विकासखण्ड विजयपुर अंतर्गत 8 मार्च को अगरा, बडागांव, आरोदा, बराकला, बांगरोद, अर्रोदरी एवं बलावनी में तथा विकासखण्ड कराहल अंतर्गत 8 मार्च को आवदा, बगवाज, बरगवा एवं बाढ में शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने निर्देश दिये है कि शिविर तिथि से पूर्व ग्राम सहित उसके मजरे टोलो में मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जायें तथा शिविर के स्थान, समय, तिथि के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जायें। साथ ही शिविर के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जायें। उन्होने कहा कि सर्वे पंजीयन में कोई भी पात्र हितग्राही शेष नही रहें।

# सीमांकन कराकर कब्जा दिलाने की कलेक्टर से मांग

**मुरैना,कांस।** पडौसी द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने पर भूमि स्वामियो द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर उनकी निजी भूमि का सीमांकन कराकर अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। भूमि स्वामी पूनम देवी पत्नी महेश परमार निवासी हरिश्चन्द्र बसई,निशादेपी परमार पत्नी बलवीर निवासी लाला का पुरा मृगपुरा, भूरी पत्नी अनिल शर्मा, विमलादेवी पत्नी रामबाबू राठौर ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन में कहा कि उन्होने ग्राम हिगोंनाखुर्द के सर्वे क्रमांक 2575/2 में आवासीय भूखण्ड विक्रय किये गए थे तथा चार वर्षो से क्रय किये भूखण्डो पर काबिज है। लेकिन पडौस के सर्वे नम्बर 2637 में निवास करने वाले पन्नालाल, दिलीप,भरत, रामनाथ,जनवेद,लालवती समस्त जाति गुर्जर निवासी निवि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। आवेदको ने कलेक्टर से सीमांकन कराकर कब्जा दिलाने की मांग की है।

# शिक्षा विभाग में भारी भ्रष्टाचार-विलोपित राशि के भुगतान के लिए बाबू मांग रहा है, सुविधा शुल्क

**मुरैना,कांस।** शिक्षा विभाग में इस समय भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, विभाग से सेवा निवृत होने वाले कर्मचारी एवं शिक्षक अपनी राशि के लिए बाबूओ के चक्कर लगा रहे है, लेकिन बाबू बगैर सुविधा शुक्ल के उनका भुगतान की कार्यवाही को आगे नही बढा रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है, जिसमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय विचौली का पुरा से सेवा निवृत्त होने वाले सहायक शिक्षक मलखान सिंह नागर को जीपीएफ का अंतिम भुगतान हो चुका है। लेकिन लास्ट जीपीएफशिल्प में लगभग 15 माह की जीपीएफकी धनराशि विलापित दर्शाई गई है। जिसके भुगतान की कार्यवाही के लिए जब सेवा निवृत शिक्षक संकुल केन्द्र शा.मा.वि. क्र.2 में गया और वहाँ पर प्राचार्य को आवेदन प्रस्तुत किया जिसे प्राचार्य ने संबंधित बाबू प्रमोद श्रीवास्तव को भुगतान की कार्यवाही करने के लिए लिखने के बाद भी संबंधित बाबू ने आठ हजार रूपये की रिश्वत मांगी और न देने पर आज दिनांक तक भुगतान की कार्यवाही नही करने पर संबंधित शिक्षक ने इसकी शिकायत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को लिखित रूप से कर रिश्वत खोर बाबू के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी घायल, ग्वालियर रैफर

**मुरैना,कांस।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के गंज मोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रैफर किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना सिविल लाइन निवासी निहाल सिंह पुत्र नत्थीलाल जाटव उम्र 40 साल अपनी पत्नी रिमिला को लेकर बाइक से अपने फूफा को गंजरामपुर से देखकर लौट रहे थे कि अभी वे गंज मोड पर ही पहुँच पाये थे कि पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी जिससे दंपत्ति बुरी तरह से घायल हो गए। पीछे आ रहे निहाल सिंह के भाई दिनेश ने घटना के तुरंत बाद घायल अपने भाभी-भैया को जिला चिकित्सालय में लेकर आए जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया है।



# 06 मार्च को 10वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा होगी

**परीक्षा में सभी छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 08 बजे तक पहुँचना अनिवार्य होगा, प्रातः 08.30 के बाद नहीं दिया जायेगा प्रवेश, परीक्षा केन्द्र पर अनुचित सामग्री, मोबाइल, घडियाँ, इलेक्ट्रोनिक, उपकरण रहेंगे पूर्णतः प्रतिबंधित**

**भिण्ड ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा दिनांक 06 मार्च 2025 को कक्षा 10वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित होगी, परीक्षा निर्धारित समय में संपन्न करवाने के लिए सम्पूर्ण जिले में 52 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं में नियमित 19245 एवं स्वाध्यायी 689 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सभी छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 08 बजे तक पहुँचना अनिवार्य होगा। प्रातः 08.30 के बाद प्रवेश नहीं दिया जायेगा। सभी पालक अपने बच्चों को निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री नहीं ले जायें, मोबाइल, घडियाँ, इलेक्ट्रोनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

# नगर पालिका परिषद् भिण्ड के चतुर्थ नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) का हुआ भव्य आयोजन



**भिण्ड ब्यूरो।** स्व.श्री रघुवीरसिंह कुशवाह जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भिण्ड के जन्म दिवस पर निर्धारित नगर पालिका परिषद् भिण्ड के चतुर्थ नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) का आयोजन विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका परिषद भिण्ड अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि की अध्यक्षता में गौरी सरोवर किनारे आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, सीएमओ भिण्ड श्री यशवंत वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षदगण सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि द्वारा स्व. श्री रघुवीरसिंह कुशवाह जी के परिजनों, वीर नारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया।

# आगामी 08 मार्च को लोक अदालत की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक आयोजित



**भिण्ड ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 08 मार्च, 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय, भिण्ड के न्यायिक अधिकारियों के साथ में बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में श्री मनोज कुमार तिवारी (सीनि.) विशेष न्यायाधीश, श्री मनोज कुमार तिवारी (जूनि.), श्री संजीव सिंघल, श्री दिनेश कुमार खटीक, श्री अहमद रजा, श्री हिमांशु कौशल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, श्रीमती निधि नीलेश श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भिण्ड, श्री अभिजीत सिंह, श्री विवेक माल सिविल न्यायाधीशगण एवं श्रीमती नेहा उपाध्याय, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेटध्किशोर न्याय बोर्ड भिण्ड तथा श्री सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड उपस्थित रहें। उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत में एम.ए.सी.टी., शमनीय आपराधिक एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक में निराकृत किये जाने के प्रयासों के संबंध में चर्चा की गई तथा माननीय महोदय द्वारा सभी न्यायाधीशगणों को आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक से प्रकरणों को निराकृत करने के संबंध में और अधिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना, चौक बाउंस, उपभोक्ता मामले एवं अन्य प्रकरणों सहित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत् बनाये गये विद्युत उपभोक्ताओं के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 08 मार्च, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आकंलित सिविल दायित्व की राशि रूपये 10,00,000 (दस लाख मात्र) तक के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन प्रकरणों पर 20 प्रतिशत छूट रहेगी। साथ ही आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज की 100 प्रतिशत छूट प्रदाय की जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वे अपने मामलों का निराकरण 08 मार्च, 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराकर नेशनल लोक अदालत के लिए प्रावधानित छूट का लाभ प्राप्त करें।

# एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड ग्रामीण अंतर्गत महिलाओं के केन्द्रीय कानून, भारतीय न्याय संहिता में महिला केन्द्रित प्रावधानों पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय कुमार जैन के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 22 जनवरी से लेकर 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां महिला सशक्तिकरण से संबंधित, बेटी बचाओ से संबंधित एवं बालिकाओं महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण निर्माण करने संबंधी विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश हैं, जिसके क्रम में जनपद पंचायत भिण्ड में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। परियोजना अधिकारी भिण्ड ग्रामीण श्रीमती रिचा कुशवाह ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से विभाग द्वारा तैयार महिलाओं से संबंधित कानून पर आधारित केलेन्डर अनुसार घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन न करें, ना ही बर्दाश्त करें, कानून ने आपको अधिकार दिए हैं उनका उचित प्लेटफार्म पर आकर उपयोग करें, कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीडन (प्रतिषेध, प्रतितोष, निवारण) अधिनियम 2013, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, केन्द्रित कानून, भारतीय न्याय संहिता में महिला केन्द्रित प्रावधानों से अवगत कराया। महिलाओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत भ्रूण परीक्षण न करने अथवा ऐसा पाए जाने पर कानूनी प्रावधानों के तहत दंड, जुर्माना अथवा दोनों के प्रावधानों से अवगत कराया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 से भी सभी को अवगत कराया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना से संबंधित केलेन्डर, पेम्पलेट, स्टीकर, बैच का वितरण किया गया। कार्यक्रम में परियोजना भिण्ड ग्रामीण से पर्यवेक्षक श्रीमती संगीता सक्सैना उपस्थित रहीं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की मिलावटखोरों पर कार्रवाई निरंतर जारी

**विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई कर लिया नमूना, खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता रखने एवं खाद्य सामग्री को ढंककर रखने दिए निर्देश**




**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव के आदेशानुसार एवं अभिहित अधिकारी/ सीएमएचओ भिण्ड डॉ जे.एस. यादव के निर्देशन में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी कु. रेखा सोनी ने ग्राम परा में स्थित पुरोहित स्वीट्स सेंटर, परी स्वीट्स, बंटी फास्ट फूड, रवि मोमोस सेंटर, नीरज फास्ट फूड का निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता रखने एवं खाद्य सामग्री को ढंककर रखने निर्देश दिए। पुरोहित स्वीट्स सेंटर के प्रो. सुरेन्द्र पुरोहित से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का नमूना लेकर जले हुए 06 किलो तेल को मौके पर नष्ट कराया एवं नोटिस दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कु. सोनी ने फास्ट फूड के ढेलों के संचालकों को खाद्य पदार्थ में परमिटेड फूड कलर की कम से कम मात्रा प्रयोग करने निर्देश दिए। ग्राम बलारपुरा तहसील अटेर में संचालित संतोष सिंह नरवरिया की डेयरी से मावा एवं घी के नमूने संग्रहित किए गए।

# स्व. श्री जहार सिंह शर्मा की पुण्यतिथि आज

**मुरैना,कांस।** अचंल के जाने माने नेता स्व. श्री जहार सिंह शर्मा कक्का की 23 वीं पुण्यतिथि आज उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जायेगी। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर आज सुबह 9 बजे उनकी प्रतिमा के पास सभी वर्ग के लोग एकत्रित होकर उन्हें पुष्पाजंलि भेंट करेंगे। जहार सिंह शर्मा की स्मृति न्यास मंच के संयोजक रामकुमार माहेश्वरी एवं उपाध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि स्व. शर्मा जी का जीवन सदैव राष्ट्रव्यापी रहा है। उन्होंने पूरे जीवन भर बगैर किसी भेंद भाव के सारा जीवन समाज को समर्पित किया। उन्होने सभी लोगों से अपील की कि सुबह 9 बजे अपने नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश और समाज को संगठित करने का संकल्प लें।

